हारे का सहारा मेरा श्याम सांवरा

हारे का सहारा मेरा श्याम सांवरा,
जिसने भी संकट में तुझको पुकारा,
दौड़ा चला आये मेरा श्याम सांवरा,
हारे का सहारा......

आये रोज़ दर पे लाखों सवाली,
दर से तुम्हारे कोई जाता ना खाली,
सबका नसीब बाबा तुमने संवारा,
दौड़ा चला आये मेरा श्याम सांवरा,
हारे का सहारा......

खाटू का राजा है तू लखदातार है,
तेरी शरण में झुकता सारा संसार है,
कितना है सुन्दर देखो खाटू का नज़ारा,
दौड़ा चला आये मेरा श्याम सांवरा,
हारे का सहारा......

तेरी अदा पे बाबा हम भी कुर्बान है,
नाम से तेरे बाबा मेरी पहचान है,
राणा है बाबा तेरी आँखों का तारा,
दौड़ा चला आये मेरा श्याम सांवरा,
हारे का सहारा......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32406/title/haare-ka-sahara-mera-shyam-sanwra

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |